C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 358 | बिजौलिया - बुधवार, 15 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## जनता की आवाज़ दबाई जा रही, विधानसभा सिर्फ औपचारिकता बन गई

# डोटासरा का भजनलाल सरकार पर बड़ा हमला बोले- जन मुद्दों पर चर्चा और जवाबदेही से बच रही सरकार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान की राजनीति में विधानसभा के कामकाज को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा की भजनलाल सरकार पर लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विधानसभा केवल औपचारिकता बनकर रह गई है और जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा तथा जवाबदेही से लगातार बचा जा रहा है।

डोटासरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि राजस्थान के 75 वर्षों के इतिहास में पहली बार जनता की आवाज़ को इस स्तर पर दबाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आधिकारिक आंकड़े स्वयं इस बात की पुष्टि करते हैं कि मौजूदा 16वीं विधानसभा का प्रदर्शन अब तक सबसे कमजोर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक विधानसभा के केवल 5 सत्र, 84 बैठकें आयोजित हुई हैं, जिनमें कुल 573 घंटे ही कामकाज हुआ। उनका कहना है कि इतने कम समय में जनता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा और प्रभावी



जवाबदेही संभव नहीं है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार सदन में जनहित के सवालों पर जवाब देने और विस्तृत चर्चा से बचती नजर आती है। इससे विधानसभा का महत्व लगातार कम हो रहा है और लोकतंत्र की मूल भावना प्रभावित हो रही है। डोटासरा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा जनता की आवाज़ उठाने का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे महज औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित कर दिया है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक बताते हुए कहा कि जनता के मुद्दों को दबाने की यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के हित में नहीं है।

# बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर महिला से लूटी रामनामी व टॉप्स

## बेटों को कमरे में बाहर से बंद किया, विरोध करने पर मारपीट; टॉप्स खींचने से कटे कान, इलाके में दहशत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

उपखंड क्षेत्र की जलिंद्री ग्राम पंचायत के अमरपुरा गांव में सोमवार देर रात तीन बदमाशों ने घर में घुसकर एक महिला से मारपीट करते हुए सोने के आभूषण लूट लिए। वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने महिला के दोनों बेटों को उनके कमरों में बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया, ताकि वे मदद के लिए बाहर नहीं निकल सकें। लूट के दौरान टॉप्स जबरन खींचने से महिला के दोनों कान कट गए, जबकि गले पर भी चोटें आईं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार अमरपुरा निवासी नंदू देवी (55) पत्नी रामलाल मीणा सोमवार रात करीब दो बजे घर के बरामदे में सो रही थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात बदमाश मकान में घुस गए। सबसे पहले उन्होंने महिला के पुत्र सत्यनारायण मीणा और वैद्यराज के कमरों की बाहर से कुंडी लगा दी।

इसके बाद बदमाश महिला के पास पहुंचे। दो बदमाशों ने उसे पकड़ लिया, जबकि तीसरे ने गले में पहनी करीब एक तोला वजनी रामनामी और कानों के टॉप्स लूटने का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और आभूषण छीनकर फरार हो गए। टॉप्स खींचने से महिला के दोनों कान कट गए तथा गले पर भी चोटें आईं।

**मां की चीख सुनकर भी नहीं निकल सके बेटे**

पीड़िता के पुत्र सत्यनारायण मीणा ने बताया कि रात में मां के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह और उसका भाई बाहर निकलने लगे, लेकिन दरवाजे की बाहर से कुंडी लगी होने के कारण कमरे से बाहर नहीं आ सके। काफी मशक्कत



के बाद पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला गया, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

सूचना मिलते ही काछोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**तीन दिन में दूसरी लूट, ग्रामीणों में आक्रोश**

पूर्व सरपंच विजय तिवारी ने बताया कि पंचायत समिति क्षेत्र में तीन दिनों के भीतर महिलाओं के साथ घर में घुसकर लूट की यह दूसरी घटना है। इससे पहले बिजोलिया थाना क्षेत्र के राणाजी का गुड्डा गांव में भी इसी तरह की वारदात हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# प्रसूता मौतों के बाद हरकत में सरकार, स्वास्थ्य मंत्री ने किया एमजी अस्पताल का निरीक्षण

## आज से प्रदेशभर में चलेगा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विशेष अभियान, लापरवाही मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचंद पेसवानी।** महात्मा गांधी चिकित्सालय में हाल ही में हुई प्रसूता मृत्यु की घटनाओं के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर मंगलवार को भीलवाड़ा पहुंचे और अस्पताल का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल आईसीयू, गायनिक ऑपरेशन थिएटर सहित विभिन्न वार्डों का जायजा लेकर चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा गंभीर मरीजों एवं नवजात शिशुओं की देखभाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक मातृ मृत्यु को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। पूरे मामले की जांच राज्य स्तरीय समिति कर रही है और रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 15 जुलाई से प्रदेशभर में पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत सभी गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) रिकॉर्ड का सत्यापन, उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की पहचान तथा समय पर विशेषज्ञ उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल प्रशासन से प्राप्त जानकारी के आधार पर बताया कि चिकित्सालय में चार प्रसूताओं की मृत्यु हुई। इनमें तीन महिलाओं की मृत्यु पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म, HELLP सिंड्रोम तथा प्रसवोत्तर अत्यधिक रक्तस्राव (पीपीएच) एवं डीआईसी जैसी जटिल चिकित्सकीय स्थितियों के कारण हुई, जबकि एक अन्य महिला की मृत्यु हृदयाघात से हुई। अस्पताल प्रशासन ने समीक्षा बैठक में बताया कि संबंधित सभी सिजेरियन ऑपरेशन ऑपरेशन थिएटर-1 में किए गए थे, जहां किसी प्रकार के संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। ऑपरेशन थिएटर-2 को 30 जून से माइक्रोबायोलॉजिकल कल्चर पॉजिटिव आने के कारण बंद रखा गया है। वर्तमान में अस्पताल में पर्याप्त स्टरलाइज्ड ऑपरेशन सेट उपलब्ध हैं और प्रतिदिन औसतन 15 से 20 सिजेरियन ऑपरेशन किए जा रहे हैं। समीक्षा बैठक में शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक, महात्मा गांधी चिकित्सालय के अधीक्षक, सीएमएचओ सहित चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे।

# एक ही गोत्र के कारण नहीं हो सका रिश्ता, किशोर प्रेमी युगल ने फंदा लगाकर दी जान

## गांव के बाहर पेड़ से लटके मिले शव, पुलिस सभी पहलुओं से कर रही जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

पंडेर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार सुबह एक नाबालिग किशोर और किशोरी के शव गांव के बाहर पेड़ से लटके मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि दोनों एक ही गोत्र के थे और इसी कारण उनके परिजन इस रिश्ते के लिए सहमत नहीं थे। बताया जा रहा है कि सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियों के चलते दोनों मानसिक तनाव में थे।



मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक पेड़ पर दोनों के शव लटके देखे, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अनुसंधान के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद दोनों परिवारों में शोक का माहौल है।

# जमीनी धोखाधड़ी केस में कारोबारी अनिल छाजेड़ फिर गिरफ्तार, घर की तलाशी में मिले खाली स्टांप पेपर

## रिमांड अवधि पूरी होने पर कोर्ट ने भेजा जेल



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत।** जमीनी धोखाधड़ी के मामले में प्रताप नगर थाना पुलिस ने कारोबारी अनिल छाजेड़ को प्रोडक्शन वारंट के तहत जेल से गिरफ्तार कर दोबारा पूछताछ की।

प्रताप थाना प्रभारी सुनील ताडा ने बताया कि जमीनी धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अनिल छाजेड़ को जेल से पुनः प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के मकान की गहन तलाशी ली, जहां से कुछ खाली स्टांप पेपर बरामद हुए। इन स्टांप पेपरों के उपयोग और उनसे जुड़े संभावित दस्तावेजों की पुलिस गहन जांच कर रही है।

ताड़ा ने बताया कि रिमांड अवधि पूरी होने पर मंगलवार को आरोपी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत के आदेश पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेजों और साक्ष्यों की बारीकी से जांच की जा रही है तथा प्रकरण के हर पहलू की पड़ताल जारी है।

# बुजुर्गों को बड़ी सौगात : एमजी अस्पताल में 10 बेड का वातानुकूलित 'रामाश्रय वार्ड' शुरू

## हर बेड पर मिलेगी ऑक्सीजन और ईसीजी की सुविधा




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर और सुविधाजनक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महात्मा गांधी अस्पताल में विशेष 'रामाश्रय वार्ड' की शुरुआत की गई है। 65 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों के लिए तैयार किए गए इस वार्ड में फिलहाल 10 बेड की व्यवस्था की गई है, जहां मरीजों को जांच और उपचार के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा। चिकित्सा कर्मी रेखा ने बताया कि वार्ड के प्रत्येक बेड पर बीपी मॉनिटर, ईसीजी और ऑक्सीजन जैसी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। मरीजों को दवाइयां और इंजेक्शन भी बेड पर ही समय पर दिए जाएंगे, जिससे उपचार अधिक त्वरित और सुगम होगा। बुजुर्ग मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्ड को पूर्णतः वातानुकूलित बनाया गया है। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के साथ वार्ड के समीप ही टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। वहीं व्हीलचेयर और ट्रॉली जैसी सुविधाएं भी हर समय उपलब्ध रहेंगी।अस्पताल प्रशासन का मानना है कि 'रामाश्रय वार्ड' शुरू होने से बुजुर्ग और गंभीर मरीजों को एक ही स्थान पर समग्र चिकित्सा सुविधा मिलेगी, जिससे उपचार में आसानी होगी और परिजनों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

# रेकी कर सूने मकानों को बनाते थे निशाना, नकबजनी गैंग का पर्दाफाश

## भीमगंज पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को दबोचा, चार वारदातें कबूलीं

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत।** शहर में लगातार हो रही नकबजनी की वारदातों का खुलासा करते हुए भीमगंज थाना पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में भीमगंज और मांडलगढ़ थाना क्षेत्रों में दो-दो चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी सुनील चौधरी ने बताया की 29 जून को तिलक नगर निवासी बालमुकुंद छीपा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह परिवार सहित यात्रा पर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने घर के ताले तोड़कर नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। जांच के दौरान पुलिस ने मोहसिन उर्फ टिन्चा, मोहम्मद साहिल उर्फ टुटीया और सलमा बानू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन में सूने मकानों की रेकी करते थे और रात में ताला लगे घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी मोहम्मद साहिल वारदात के बाद मुंबई भागने की फिराक में था। सूचना मिलते ही अजमेर आरपीएफ और डीएसटी की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं उसकी मां सलमा बानू चोरी के जेवर बेचने में सहयोग करती थी।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने भीमगंज और मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में कुल चार नकबजनी की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस अब गिरोह से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

C M Y K

# श्यामपुरा में ग्रामीण सेवा शिविर, विभिन्न विभागों ने मौके पर निस्तारित किए प्रकरण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

राज्य सरकार के जनकल्याण अभियान के तहत ग्राम पंचायत श्यामपुरा में मंगलवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शिविर में 22 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पंचायती राज विभाग ने शिविर के दौरान 9 आवासीय पट्टों एवं व्यक्तिगत शौचालय (आईएचएचएल) से संबंधित 6 आवेदन तैयार किए। वहीं राजस्व विभाग ने एक आपसी सहमति का बंटवारा, 80 नाम शुद्धिकरण, दो रास्ता खुलासा, दो सीमाज्ञान, तीन पत्थरगढ़ी तथा 10 नामांतरण सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों का निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की।शिविर में विकास अधिकारी एवं शिविर प्रभारी अशेष शर्मा, सहायक शिविर प्रभारी रामेश्वर लाल मीणा, प्रशासक यशवंत कंवर, समाजसेवी भगवान सिंह शक्तावत, ग्राम विकास अधिकारी राहुल मिठारवाल, कनिष्ठ सहायक रामस्वरूप मेघवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया।

# जिला अस्पताल में प्रसूताओं की मौत पर फूटा सर्व समाज का आक्रोश, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच, मुआवजा व आश्रित को सरकारी नौकरी की उठाई मांग





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

महात्मा गांधी चिकित्सालय में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के चलते प्रसूताओं की मौत के मामलों को लेकर मंगलवार को सर्व समाज के बैनर तले जिला कलेक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने, दोषी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन के दौरान मृतक महिलाओं फोरी देवी, ईशा पांडे, दिव्या सेन, संगीता जीनगर और शिमला देवी गुर्जर के परिजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। परिजनों ने प्रशासन के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, उचित मुआवजा तथा प्रत्येक पीड़ित परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग रखी।

सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकारी अस्पताल आमजन के विश्वास का केंद्र होते हैं, लेकिन यदि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण लगातार माताओं की मौत हो रही है तो यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की गंभीर विफलता है। उन्होंने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज, ड्यूटी रोस्टर, केस शीट, ऑपरेशन रिकॉर्ड सहित सभी चिकित्सा अभिलेख सुरक्षित रखने, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा अस्पताल की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं की गई और पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला, तो सर्व समाज पूरे जिले में चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन करेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की होगी।

# खेड़ा देवी-देवता की धूप-जोत यात्रा निकली, अच्छी बारिश की कामना की



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

नगर में मंगलवार को खेड़ा देवी-देवता की धूप एवं जोत फेरने का पारंपरिक धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। धूप एवं जोत यात्रा सुबह 9:15 बजे केसरगंज स्थित खेड़ा कूट माताजी मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से निकली। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और क्षेत्र में अच्छी वर्षा की कामना की। धार्मिक यात्रा में नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन के दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

आयोजकों ने बताया कि 19 जुलाई को अच्छी बारिश एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर परंपरानुसार गांव बाहर का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।


# अमावस्या पर तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट की बैठक संपन्न, विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

**नरेश धाकड़**

अमावस्या के अवसर पर श्री तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद अहीर की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई तथा संबंधित कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।





बैठक के उपरांत ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद अहीर एवं ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ ने भगवान श्री तिलस्वां महादेव का विधिवत अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में अच्छी वर्षा, खुशहाली, समृद्धि तथा आपसी भाईचारे की कामना की। साथ ही देश-प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के सुख-शांति और मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की गई।

ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि गंगा माता मंदिर जाने वाले मार्ग पर बनी पुलिया के ऊपर डोम (शेड) का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी एवं वर्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा पवित्र कुंड के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से स्टील रेलिंग लगाने का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी की टंकी का निर्माण भी कराया जा रहा है। ट्रस्ट का प्रयास है कि दर्शनार्थियों को सभी मूलभूत सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हों।

ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद अहीर एवं सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि आगामी दिनों में मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, हरियाली एवं श्रद्धालु सुविधाओं के विस्तार के लिए भी विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। ट्रस्ट का उद्देश्य तिलस्वां महादेव मंदिर को धार्मिक आस्था के साथ-साथ एक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक तीर्थस्थल के रूप में विकसित करना है।

बैठक में ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंदिर विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया तथा आगामी श्रावण मास में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने का निर्णय लिया।

# जीव दया का संदेश: विमलनाथ महिला मंडल ने गोशाला में कराया हरा चारा व गुड़ का वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

विमलनाथ महिला मंडल, संभवनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर, बापूनगर के तत्वावधान में मंगलवार को जीव दया कार्यक्रम के तहत रामधाम गोशाला में गोमाता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गोसेवा को भारतीय संस्कृति और जैन धर्म की करुणा व अहिंसा की परंपरा का प्रतीक बताते हुए जीव मात्र की सेवा का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में दया, संवेदना और परोपकार की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष विजया मेहता, मंत्री विद्या भंडारी, कोषाध्यक्ष मोनिका मारू, संगठन मंत्री गायत्री कोठारी तथा सदस्य मंजू सिंदुरिया, मंजू चौधरी और अर्चना चौधरी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन गोसेवा एवं जीव दया के संदेश के साथ हुआ।



# आसींद के कलाकार ने चांदी से बनाया आईफोन, अनोखी कलाकृति बनी आकर्षण का केंद्र

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

स्थानीय स्वर्णकार एवं 'मातेश्वरी वर्क आर्ट' के संचालक भागीरथ सोनी ने शुद्ध चांदी से 148 ग्राम वजनी आईफोन तैयार कर अपनी अनूठी कला का परिचय दिया है। करीब पांच घंटे की मेहनत से तैयार इस कलाकृति में मोबाइल के कैमरा, बैटरी, नेटवर्क, डायल पैड सहित अन्य फीचर्स को बारीकी से उकेरा गया है, जबकि वॉलपेपर पर सांवलिया सेठ की तस्वीर बनाई गई है।



ग्राहक की विशेष मांग पर तैयार इस चांदी के आईफोन की अनुमानित लागत करीब 35 हजार रुपये बताई गई है। भागीरथ सोनी इससे पहले भी चांदी के हेलीकॉप्टर, जेसीबी, मोटरसाइकिल, तलवार, मुकुट और देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमाएं बनाकर अपनी कला का लोहा मनवा चुके हैं। उनकी इस नई कलाकृति की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

# राजकीय चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का आलम, एक्स-रे व सोनोग्राफी मशीनें महीनों से बंद

## सरकारी सुविधाओं से वंचित मरीज, इलाज के लिए देवली व केकड़ी जाने को मजबूर

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** नगर स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा विभाग की लापरवाही के चलते स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल होती नजर आ रही हैं। चिकित्सालय में एक्स-रे और सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांच सेवाएं कई महीनों से बंद पड़ी हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को मीडियाकर्मियों द्वारा चिकित्सालय का निरीक्षण किए जाने पर पाया गया कि एक्स-रे एवं सोनोग्राफी मशीनें लंबे समय से बंद होने के कारण धूल फांक रही हैं। जांच सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को देवली और केकड़ी रेफर किया जा रहा है। इसका सबसे अधिक असर गरीब एवं ग्रामीण तबके के मरीजों पर पड़ रहा है, जिन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ और समय की परेशानी झेलनी पड़ रही है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में केवल दो महिला चिकित्सक ही मौजूद मिलीं, जबकि अन्य चिकित्सकीय एवं स्टाफ कर्मी अनुपस्थित पाए गए। अस्पताल परिसर में कई स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी है। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. राजेश गुप्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वे अवकाश पर बताए गए।




गौरतलब है कि उपखंड मुख्यालय का यह राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र की नगरपालिका क्षेत्र सहित 20 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों के लिए प्रमुख सरकारी चिकित्सा केंद्र है। बावजूद इसके, आवश्यक जांच सेवाएं बंद होने से मरीजों को निजी जांच केंद्रों या अन्य शहरों का रुख करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने विधायक शत्रुघ्न गौतम तथा अजमेर जिला कलेक्टर से अस्पताल की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार करने, बंद पड़ी एक्स-रे एवं सोनोग्राफी मशीनों को तत्काल चालू करवाने तथा पर्याप्त चिकित्सकीय स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# गोचर भूमि विवाद पर पहली बार बोले विधायक बैरवा, आरोपों को बताया राजनीतिक साजिश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचंद पेसवानी)।** गोचर भूमि विवाद को लेकर चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने पहली बार अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अपने और परिवार पर लगाए गए आरोपों को निराधार एवं राजनीतिक साजिश करार दिया। भीलवाड़ा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी बढ़ती राजनीतिक स्वीकार्यता से घबराकर विरोधियों ने उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया है, लेकिन सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी।

विधायक बैरवा ने कहा कि उन्होंने हमेशा गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का समर्थन किया है और प्रशासन का सहयोग किया है। सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं है तथा कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आरोप लगा रहे हैं, उन्हें पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्वयं कानूनी विवादों में घिरे होने के बावजूद दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। जनता सब कुछ देख रही है और समय



आने पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

विधायक ने कहा कि उनका राजनीतिक जीवन जनहित और कानून के सम्मान के लिए समर्पित रहा है। यदि कहीं भी सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण होगा तो वे प्रशासन के साथ मिलकर उसे हटाने की कार्रवाई का समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन झूठे आरोप लगाकर किसी की छवि खराब करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

गौरतलब है कि शाहपुरा क्षेत्र में गोचर भूमि को लेकर चल रहे विवाद के बाद विधायक और उनके परिवार पर विपक्ष ने आरोप लगाए थे। अब पहली बार विधायक बैरवा ने सार्वजनिक रूप से इन आरोपों का जवाब देते हुए उन्हें पूरी तरह खारिज किया है।



QUICK BITES

# स्वर्णकार समाज का प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह 26 को सीकर में

## भीलवाड़ा की कई प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान प्रदेश मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था (रजि.) के तत्वावधान में समाज के प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा राज्य स्तरीय तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन रविवार 26 जुलाई को शिक्षा नगरी सीकर स्थित श्री गोविंदम श्री गोपीनाथ गौशाला विवाह स्थल, सालासर रोड पर किया जाएगा। समारोह में वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं कक्षा 10 एवं 12 में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के 285 मेधावी विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर सम्मान किया जाएगा।

प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ सदस्य दिलीप सोनी ने बताया कि इस गौरवपूर्ण समारोह में भीलवाड़ा जिले की कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह समाज की शीर्ष संस्था के अध्यक्ष शिव प्रसाद तोषावड़ ,महामंत्री बजरंग लाल झींगा, कोषाध्यक्ष राज कुमार कुलथिया के मार्गदर्शन तथा प्रदेश कार्यकारिणी के सानिध्य में शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है , जिसमें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और उत्कृष्टता की भावना को और मजबूत करेगा।

सोनी ने बताया कि विद्यार्थियों का पंजीकरण प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा तथा मुख्य सम्मान समारोह प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों से अंकतालिका की छायाप्रति एवं एक पासपोर्ट आकार का फोटो साथ लाने तथा यथासंभव विद्यालय गणवेश में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। सम्मान केवल विद्यार्थी को उसकी व्यक्तिगत उपस्थिति में ही प्रदान किया जाएगा। समारोह में कक्षा 10 एवं 12 के प्रदेश स्तर के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का विशेष सम्मान भी किया जाएगा। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, शिक्षाविद्, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

दिलीप सोनी ने समाज के सभी सम्मानित परिवारों से आग्रह किया है कि वे अपने प्रतिभाशाली बच्चों के साथ समारोह में उपस्थित होकर उनका उत्साहवर्धन करें। उन्होंने कहा कि 'शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास का श्रेष्ठतम संसाधन है' और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य में निवेश है।

# रास्ते में गूंजी किलकारी: 108 एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव, बेटी ने लिया जन्म

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**




जीवन वाहिनी 108 एंबुलेंस की तत्परता और सूझबूझ से एक गर्भवती महिला व उसकी नवजात बेटी की सुरक्षित जान बच गई। अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में प्रसव पीड़ा अचानक तेज होने पर एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया, जहां महिला ने एक स्वस्थ बेटी को जन्म दिया।

जानकारी के अनुसार 108 एंबुलेंस कुम्हारिया खेड़ा निवासी गर्भवती महिला गोटिया देवी को महात्मा गांधी अस्पताल लेकर जा रही थी। रास्ते में प्रसव पीड़ा असहनीय होने पर ईएमटी मनोज जोशी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस को सुरक्षित स्थान पर रुकवाया और तत्काल आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया अपनाते हुए सफलतापूर्वक प्रसव कराया। इस दौरान एंबुलेंस पायलट समीर ने भी पूरी तत्परता से सहयोग किया।

सुरक्षित प्रसव के बाद जच्चा और नवजात दोनों स्वस्थ पाए गए। इसके बाद टीम ने दोनों को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मां और बेटी दोनों को पूरी तरह स्वस्थ बताया।

इस मानवीय सेवा से अभिभूत परिजनों ने 108 एंबुलेंस टीम के ईएमटी मनोज जोशी और पायलट समीर का आभार व्यक्त करते हुए उनकी त्वरित कार्रवाई और समर्पित सेवा की सराहना की।






# हर घर के बाहर लगाए दो फलदार या छायादार पौधे-सुराणा

## मांडलगढ़ के आनंद विहार में कोलोनोवासियों ने किया पौधारोपण अभियान का आगाज

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़। नगर के सभी वार्डों में कोलोनोवासी अपने घर,आंगन में कम से कम दो पौधे लगाकर उनकी देखरेख की जिम्मेदारी ले एवं उनका पालन-पोषण करें। मंगलवार को नगर के आनन्द विहार में पौधारोपण करने के दौरान भाजपा नेत्री व पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिता सुराणा ने कॉलोनीवासियों के समक्ष ये आहवान किया। सुराणा ने बताया कि जितने पौधे अधिक लगाएंगे पर्यावरण उतना ही स्वस्थ रहेगा और हमारा स्वास्थ्य भी उत्तम रहेगा। ऐसे में अभी आवश्यकताओं के मद्देनजर नगरवासी अपने घर आंगन को हरा-भरा बनाकर वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में भरपूर सहयोग करें।



# अमावस्या पर सिंगोली चारभुजा नाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

(रोशन)। अमावस्या के पावन अवसर पर सिंगोली स्थित प्राचीन चारभुजा नाथ मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। भगवान चारभुजा नाथ का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि व क्षेत्र की



खुशहाली की कामना की। मंदिर के पुजारी



सुनील पाराशर के सान्निध्य में अभिषेक संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजेंद्र व्यास, सुरभि साड़ी, श्री सिंगोली श्याम साड़ी सेंटर, संसार साड़ी तथा सिंगोली श्याम महिला मंडल की ओर से विशेष अभिषेक एवं पूजा-अर्चना करवाई गई। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा धार्मिक आयोजन में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# शिक्षक के तबादले पर फूटा छात्रों का गुस्सा, हाईवे पर दो घंटे तक लगा जाम

## एनएच-148डी पर अरवड़ के विद्यार्थियों का उग्र प्रदर्शन, बोले 'शिक्षक नहीं तो पढ़ाई कैसे होगी?'

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**





शिक्षा व्यवस्था में शिक्षक की कमी और प्रिय शिक्षक के तबादले के विरोध में मंगलवार सुबह अरवड़ गांव के विद्यार्थियों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अरवड़ के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों के समर्थन से शाहपुरा-बिजयनगर-केकड़ी मार्ग स्थित नेशनल हाईवे-148डी पर शनि महाराज चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और लगभग दो किलोमीटर तक जाम की स्थिति बन गई।

विद्यार्थियों का कहना था कि विद्यालय में पहले से ही शिक्षकों की भारी कमी है। ऐसे में शिक्षक रामेश्वर चौधरी का स्थानांतरण कर दिए जाने से उनकी पढ़ाई पर सीधा असर पड़ेगा। छात्रों ने आरोप लगाया कि पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के कारण नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यदि मौजूदा शिक्षकों का भी तबादला कर दिया जाएगा तो शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी।

मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय से निकलकर शनि महाराज चौराहे पर पहुंचे और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते ग्रामीण भी आंदोलन में शामिल हो गए। विद्यार्थियों ने सरकार और शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शिक्षक का स्थानांतरण निरस्त करने तथा विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। प्रदर्शन के चलते भीम-उनियारा मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। हाईवे के दोनों ओर ट्रकों, बसों, निजी वाहनों और अन्य यात्री वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन विद्यार्थियों का कहना था कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

घटना की सूचना मिलते ही फुलियाकलां से तहसीलदार, थाना अधिकारी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों, ग्रामीणों और विद्यालय प्रशासन से बातचीत कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। काफी देर तक चली समझाइश के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य, तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक गंभीरता से पहुंचाया जाएगा तथा शिक्षक की कमी और स्थानांतरण के मुद्दे का सकारात्मक समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन के आश्वासन के बाद करीब दो घंटे से जारी चक्का जाम समाप्त कराया गया और यातायात को सुचारु रूप से बहाल किया गया। इसके बाद हाईवे पर फंसे वाहनों की आवाजाही शुरू हुई और लोगों ने राहत की सांस ली।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित बच्चों को बताए कानूनी अधिकार




भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**मानव तिवाड़ी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीखेड़ा एवं ग्राम मंडोल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। साथ ही 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम कराना कानूनन अपराध है। इसके अलावा बच्चों की सुरक्षा, शोषण से संरक्षण तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ सुमन चितौड़ा, सुगना मीणा, मधु मीणा, महेंद्र मीणा, अनीता सुथार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बाणमाता शक्तिपीठ का दान-पात्र खुला, निकले 7.09 लाख रुपये




भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।

अमावस्या के पावन अवसर पर गोवटा बांध स्थित श्री बाणमाता शक्तिपीठ में मंदिर का दान-पात्र विधिवत खोला गया। संस्थान पदाधिकारियों को एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से हुई गणना में दान-पात्र से 7 लाख 9 हजार 353 रुपये की राशि प्राप्त हुई।

संस्थान के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि यह राशि श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि भक्तों द्वारा अर्पित दान का उपयोग मंदिर के विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार, धार्मिक आयोजनों तथा जनहित के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

दान-पात्र की गणना के दौरान संस्थान के उपाध्यक्ष अमरनाथ, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, महामंत्री अमित जोशी सहित मोहन धाकड़, शंभू सिंह, बालू सिंह, धर्म जैन, लादू कुमावत, भगवतजी, हजारी खटीक, रामचंद्र, घिसा धाकड़, हीरा धाकड़, खान्या धाकड़, घीसू सिंह, धन्ना कुमावत एवं प्रदीप पोरवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम में बाबा हरिराम साहब की 79वीं वार्षिक वर्सी महोत्सव शुरू



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में सतगुरु बाबा हरिराम साहब जी की 79वीं वार्षिक वर्सी का चार दिवसीय उत्सव मंगलवार से श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सतगुरुओं की समाधियों पर श्रद्धांजलि, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन तथा श्री श्रीचंद्र सिद्धांत सागर के अखंड पाठ से हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन एवं संत-महात्माओं ने सत्संग में नाम-स्मरण और धार्मिक संस्कारों का महत्व बताया। इस दौरान संतों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया।

आयोजकों ने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन आज शाम 5 बजे आश्रम परिसर में धर्मध्वजा (झंडा साहिब) की विधिवत स्थापना की जाएगी।

# महिला कांग्रेस ने संगठन विस्तार पर दिया जोर, 'संसद चलो' अभियान सफल बनाने का आह्वान



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में मंगलवार को महिला कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक शहर जिलाध्यक्ष रेखा हिरण के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने तथा आगामी 'संसद चलो' अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

सारिका सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण की पक्षधर रही है। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम जी.पी. खटीक ने महिला कांग्रेस को संगठन की मजबूत ताकत बताते हुए जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक के बाद महिला आरक्षण लागू करने तथा ओबीसी महिलाओं को भी आरक्षण में शामिल करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जातिगत जनगणना ऐप में 'लोधा' जाति का विकल्प जोड़ने की मांग, सावर में सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश )** लोधा समाज विकास समिति सावर ने मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग के नाम कार्यवाहक सावर उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव को ज्ञापन सौंपकर जातिगत जनगणना सर्वे के लिए उपयोग किए जा रहे डिजिटल ऐप में 'लोधा' जाति का अलग से उल्लेख करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान में बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) द्वारा डिजिटल ऐप के माध्यम से जातिगत जनगणना का सर्वे किया जा रहा है। वर्तमान में ऐप में 91 जातियों का विवरण उपलब्ध है, लेकिन 'लोधा' जाति का कहीं भी उल्लेख नहीं है। ऐप में केवल 'लोधी' का विकल्प दिया गया है।

समिति का कहना है कि 'लोधा' जाति राजस्थान सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) सूची में शामिल है और इसी आधार पर समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। ऐसे में ऐप में 'लोधा' का विकल्प नहीं होने से भविष्य में समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र, आरक्षण तथा अन्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि डिजिटल ऐप में शीघ्र संशोधन कर 'लोधा' जाति का अलग से उल्लेख किया जाए। समाज ने चेतावनी दी कि जब तक ऐप में 'लोधा' नाम नहीं जोड़ा जाता, तब तक समाज के लोग इस सर्वे का विरोध करेंगे। साथ ही कहा कि इससे ओबीसी आयोग के कार्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इस अवसर पर मेवालाल लोधा, रामधन, रामस्वरूप, वार्ड पंच कैलाश लोधा, मदन लोधा, धर्मराज लोधा, ओमप्रकाश, रामकिशन लोधा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# 106 वर्षीय मातृशक्ति की स्मृति में सामाजिक समरसता का महाआयोजन 19 जुलाई को

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**(मूलचंद पेसवानी)।** तहसील के तहनाल निवासी एवं वर्तमान में अहमदाबाद प्रवासी हेमराज लढ़ा परिवार अपनी पूज्य माताजी स्वर्गीय सोहनदेवी लादूलाल लढ़ा की पुण्य स्मृति में 19 जुलाई को बड़ी कुंडिया गांव में सामाजिक समरसता एवं सेवा कार्यों पर आधारित विशेष आयोजन करेगा। 106 वर्ष की आयु में दिवंगत हुई मातृशक्ति की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में सकल हिन्दू समाज की सामूहिक प्रसादी, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान, पौधारोपण तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्यक्रम होंगे।





हेमराज लढ़ा ने बताया कि उनकी माताजी का 14 फरवरी को 106 वर्ष की आयु में निधन हुआ था। उनके जीवनभर के संस्कारों और सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से श्रद्धांजलि समारोह को समाजहित के कार्यक्रमों से जोड़ा गया है। आयोजन उनके पैतृक गांव तहनाल के बजाय जन्मस्थान एवं मायके बड़ी कुंडिया में रखा गया है।

कार्यक्रम के तहत 19 जुलाई को सुबह 8 बजे से सकल हिन्दू समाज के लिए सामूहिक प्रसादी का आयोजन होगा। साथ ही गांव के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान, स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा कर्मियों को मेडिकल किट का वितरण तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से पौधारोपण किया जाएगा।

हेमराज लढ़ा ने बताया कि माताजी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए वियतनाम से विशेष पत्थर मंगवाकर जयपुर के शिल्पकारों से उनकी प्रतिमा तैयार करवाई गई है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की स्मृति का सबसे बड़ा सम्मान समाज के लिए सकारात्मक कार्य करना है।

आयोजन को सफल बनाने के लिए लढ़ा परिवार गांव-गांव जाकर लोगों को व्यक्तिगत निमंत्रण दे रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों में उनके पुत्र विकास, अभिषेक और रोहित लढ़ा भी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सामाजिक एकता और भाईचारे के इस आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

# अमावस्या पर श्री चारभुजानाथ धाम में उमड़ा जनसैलाब

## :भक्तों की अटूट आस्था का दिखा अद्भुत नज़ारा, भेंट पात्र से 46.36 लाख से अधिक की राशि प्राप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ की आस्था का प्रमुख केंद्र श्री चारभुजानाथ धाम, कोटड़ी में अमावस्या के पावन अवसर पर मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। अलसुबह मंगला आरती के साथ ही मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। उपखण्ड सहित आसपास के जिलों एवं ग्रामीण अंचलों से हजारों श्रद्धालु भगवान श्री चारभुजानाथ के दर्शन, पूजा-अर्चना एवं मनोकामना पूर्ति के लिए मंदिर पहुंचे। दिनभर मंदिर परिसर, मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्र भक्तों की भीड़ से गुलजार रहे तथा पूरा वातावरण 'जय श्री चारभुजानाथ' के जयघोषों से गूंजता रहा।

**गर्मी भी नहीं डिगा सकी श्रद्धालुओं की आस्था**

भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। अनेक श्रद्धालु नंगे पांव पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचे। जबकि कई परिवारों ने परंपरा के अनुसार धान, नारियल, प्रसाद और पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

अमावस्या पर भगवान श्री चारभुजानाथ का विशेष अभिषेक एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। मनमोहक अलंकरण से सुसज्जित ठाकुरजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर घंटानाद, शंखध्वनि और जयघोषों से गूंज उठा तथा श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए।

**भक्तों ने खुलकर किया सहयोग**


मंदिर ट्रस्ट द्वारा अमावस्या पर खोले गए भेंट पात्रों एवं प्राप्त सहयोग राशि की गणना में श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा देखने को मिली। ट्रस्ट के अनुसार इस बार कुल 46लाख 36हजार 223 का सहयोग प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं ने 532.40 ग्राम चांदी एवं 4 ग्राम 200 मिलीग्राम सोना भी भगवान श्री चारभुजानाथ के चरणों में अर्पित किया।

**भेंट पात्र खुलते ही गूंजे जयकारे**

मंदिर ट्रस्ट की देखरेख में भेंट पात्र खोले गए तथा श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में राशि की गणना की गई। जैसे-जैसे भेंट राशि सामने आती गई, मंदिर परिसर 'श्री चारभुजानाथ की जय' के जयघोषों से गूंज उठा। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचानी व पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग मंदिर विकास, धार्मिक आयोजनों एवं जनसेवा के कार्यों में किया जाएगा।

**व्यवस्थाएं रहीं सुचारू**

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट, प्रशासन, पुलिस एवं



स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, छाया तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के विशेष प्रबंध किए। पूरे दिन श्रद्धालुओं ने व्यवस्थित रूप से दर्शन किए।

**बाजारों में भी रही रौनक**

अमावस्या पर उमड़ी भीड़ का असर स्थानीय व्यापार पर भी दिखाई दिया। प्रसाद, फूल-माला एवं अन्य दुकानों पर दिनभर अच्छी खरीदारी हुई, जिससे बाजारों में भी विशेष चहल-पहल रही।.

# सीआई महावीर मीणा के स्थानांतरण पर ग्रामीणों ने घोड़ी पर बैठाकर निकाली भव्य शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

कोटड़ी थाना प्रभारी (सीआई) महावीर मीणा के कोटा स्थानांतरण पर सोमवार को कस्बे में अभूतपूर्व सम्मान और आत्मीय विदाई का आयोजन किया गया। थाना क्षेत्र के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने उन्हें घोड़ी पर बैठाकर पुलिस थाने से श्री चारभुजानाथ मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली। डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों और भारत माता के जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, व्यापारी, युवा, महिलाएं एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। पूरे मार्ग में लोगों ने पुष्पवर्षा कर सीआई महावीर मीणा का अभिनंदन किया। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सम्मान करने वालों की संख्या इतनी अधिक थी कि कई संगठनों के पदाधिकारियों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। यह दृश्य क्षेत्रवासियों के स्नेह और उनके प्रति सम्मान का प्रतीक बना रहा।

श्री चारभुजानाथ मंदिर पहुंचकर सीआई महावीर मीणा ने भगवान के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इसके बाद आयोजित विदाई समारोह में वक्ताओं ने कहा कि महावीर मीणा ने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आमजन से आत्मीय संवाद स्थापित करने और निष्पक्ष कार्यशैली से क्षेत्र




में अपनी अलग पहचान बनाई। उनके व्यवहार, सरल स्वभाव और जनसहयोग की भावना को हमेशा याद रखा जाएगा।

विदाई समारोह के पश्चात थाना परिसर में स्नेह भोज का आयोजन किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। लोगों ने महावीर मीणा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कोटा में नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

सीआई महावीर मीणा ने इस अवसर पर भावुक होकर कहा कि कोटड़ी की जनता, जनप्रतिनिधियों और सभी संगठनों से उन्हें हमेशा परिवार जैसा स्नेह और सहयोग मिला। इस आत्मीय सम्मान और प्रेम को वे जीवनभर नहीं भूल पाएंगे।

विदाई समारोह के दौरान निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा, शंकर गुर्जर, कैलाश सुथार, कन्हैया लाल जाट, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कैलाश तिवाड़ी, अशोक शर्मा, योगेन्द्र सिंह छापडेल, सुरेश पाराशर, मन की बात संयोजक अनिल तिवाड़ी, बनवारी लाल शर्मा, मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, श्रीकल्याण आचार्य, भाजपा नगर अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, राजू तेली सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने विचार रखे।

# भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति के सानिध्य में मनाया गया भीम क्रांति दिवस, साफ-सफाई के साथ किया पौधरोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**

उपखंड मुख्यालय सावर स्थित अजमेर-कोटा चौराहे पर बने डॉ. भीमराव अंबेडकर गार्डन में मंगलवार को भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति के सानिध्य में भीम क्रांति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने बाबा साहब की प्रतिमा एवं परिसर की साफ-सफाई की, माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर समिति की मासिक बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने पर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लेते हुए उनके जयघोष लगाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त एएसआई दुर्गालाल सामरिया ने की। इस



अवसर पर संरक्षक सूरजकरण मालावत, अध्यक्ष घनश्याम पंवार, कोषाध्यक्ष कालूराम रेगर, सह-कोषाध्यक्ष मथुरा प्रसाद चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदनलाल रेडिया, चाँदमल सामरिया, मार्गदर्शक ओमप्रकाश कांसोटिया, सत्यनारायण कोली, उम्मेद सिंह दीदावत, महिला प्रकोष्ठ से नेहा महावर तथा अशोक कुमार मीणा, छोटूलाल पंवार, रामदेव फौजी सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### चारागाह भूमि पर अवैध खनन, खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, पोकलेन मशीन जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**नरेश धाकड़ ।** उपखंड क्षेत्र के सलावटिया गांव की राजकीय चरागाह भूमि पर लंबे समय से चल रहे अवैध खनन के मामले में खान एवं भू-विज्ञान विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन में प्रयुक्त एक टाटा-हिटाची पोकलेन मशीन जब्त कर ली। सूचना मिलने पर विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। टीम के पहुंचने की भनक लगते ही अवैध खनन में शामिल लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

माइनिंग फोरमैन गिरिराज मीणा ने बताया कि चरागाह भूमि पर भारी मशीनों से अवैध रूप निरीक्षण के दौरान विभाग ने मौके साक्ष्य एकत्रित किए और मशीन को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच में मकरावदा (बेंगू तहसील) निवासी ओमप्रकाश मेघवाल के खिलाफ पंचनामा बनाकर कार्रवाई की जाएगी । वहीं अवैध खनन में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। उनके विरुद्ध भी खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम एवं अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### निजी विद्यालय संचालकों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**



निजी विद्यालय संघर्ष समिति एवं स्कूल शिक्षा परिवार के बैनर तले गंगापुर-सहाड़ा क्षेत्र के निजी विद्यालय संचालकों ने उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 'शाला संबलन' ऐप के माध्यम से की जा रही 44 बिंदुओं की जांच प्रक्रिया को अव्यावहारिक बताते हुए इसे निरस्त करने, आरटीई पुनर्भरण की लंबित राशि का शीघ्र भुगतान, निजी विद्यालयों के लिए दीर्घकालीन नीति बनाने, प्री-प्राइमरी कक्षाओं के भुगतान, शिथिलन, स्थान परिवर्तन, अग्नि सुरक्षा नियमों में राहत तथा यू-डायस व आरटीई पोर्टल की तकनीकी विसंगतियां दूर करने की मांग की गई। इस दौरान जीवन सिंह, गुमान सिंह, महेश शर्मा, मयंक तिवारी, राजेंद्र पाराशर, विनोद पंचोली, ओमप्रकाश गोस्वामी, माया पारीक, योगिता दाधीच, वंदना घीया सहित बड़ी संख्या में निजी विद्यालय संचालक मौजूद रहे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, थाने में मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती ढेलाणा गांव में घर के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर बड़लियास थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी शंकरलाल जाट ने बताया कि उनकी बाइक उनके भांजे हरिलाल जाट के पास थी। हरिलाल ने बाइक को घर के बाहर हाईवे किनारे खड़ा किया और कुछ देर के लिए घर के अंदर चला गया। वापस लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। आसपास तलाश करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें एक युवक बाइक ले जाता दिखाई दिया। इसके बाद बड़लियास थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### बड़लियास में सांकेतिक धरना आज

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**( सांवर वैष्णव ):-** बड़लियास कस्बे में आज उप तहसील के सामने तहसील बनाने और विभिन्न मांगों को लेकर सांकेतिक धरना दिया जायेगा । कोटड़ी पूर्व प्रधान विजय सिंह ने बताया कि कस्बे में बुधवार को बड़लियास को तहसील बनाने सहित सड़क नाली एवं पानी, विद्युत आपूर्ति की असुविधा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी समस्याएं, ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में विलम्ब, रोजगार के अवसरों की कमी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे । यह सांकेतिक धरना उप तहसील के बाहर सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक होगा ।।

### अजमेर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बनने पर विश्वजीत सिंह शक्तावत का सावर में भव्य अभिनंदन

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**




अजमेर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव पद पर वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सावर विश्वजीत सिंह शक्तावत के मनोनयन पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र राव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वजीत सिंह शक्तावत उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कासोटिया एवं श्रीनिवास माली मंचासीन रहे। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शक्तावत का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेता चांदमल खटीक, सूरज करण मालावत, उम्मेद सिंह दीदावत, कालूराम रेगर, मनजीत कुमार सेन, शंकरलाल सेन, विनोद पवार, जयपाल सिंह गुर्जर, महेश कुमार शर्मा, महेश कुमार प्रजापत, महेश कुमार जैन, प्रधान योगी, इकबाल मोहम्मद, रतन काका माली, भरत धोबी, गोपाल तेली, सत्यनारायण कोली, सुरेश जांगिड़, पाचूलाल प्रजापत, युवा नेता लड्डूराम कहार, रणजीत कहार, मथुरा प्रसाद चौहान, पप्पू भगत, मुकेश कुमार वर्मा (घटियाली), कन्हैयालाल कहार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।